आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका    संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916    सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 100 | छतरपुर, बुधवार 06 नवम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## जनसुनवाई में आये वृद्ध द्वारा पेट्रोल डालकर आत्महत्या का असफल प्रयास

### कलेक्ट्रेट में मचा हड़कंप, सैनिकों की तत्परता से दुर्घटना टली



छतरपुर। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान चंदला थाना क्षेत्र के ग्राम बछौन से आए एक वृद्ध ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि वृद्ध का जमीनी विवाद उसके ही परिवार के अन्य लोगों से चलता है जिसकी वह कई बार शिकायत कर चुका है।

बछौन निवासी पीड़ित रामस्वरूप उपाध्याय मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देने आए थे तभी उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्ड ने देखा और उसकी माचिस छीन ली। इसके बाद जिला प्रशासन में हड़कंप में मच गया और बाबा को एक कमरे में अंदर ले गए जहां बाबा से एक आवेदन लेकर उनकी समस्या के बारे में करीब एक घंटे तक बातचीत की गई। इसके बाद बाबा को एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

बाबा रामस्वरूप उपाध्याय ने कहा कि 3 साल से परेशान है। वह कलेक्टर को जनसुनवाई के माध्यम से लगभग 20 बार आवेदन दे चुका है लेकिन उसकी शिकायत पर आज तक कार्यवाही नहीं की गई। बाबा ने बताया कि उसका पारिवारिक जमीनी विवाद चल रहा है जिसकी वह कई बार शिकायत कर चुका है लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

वहीं कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कहा कि बाबा के आवेदन को लिया गया है। संबंधित अधिकारी को देकर जल्द से जल्द नियमानुसार उसकी समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## यातायात पुलिस द्वारा एंबुलेंस वाहनों की की गयी जांच

### 8 वाहनों के चालान कर 4 हजार का जुर्माना ठोका

***छतरपुर। मंगलवार की शाम को यातायात पुलिस द्वारा छत्रसाल चौराहे से चौबे तिराहा तक सड़क किनारे खड़े होने वाले निजी एंबुलेंस वाहनों पर कार्रवाई की गई, जिसमें न सिर्फ 8 वाहनों के चालान काटकर उनसे 4 हजार रुपए का शुल्क वसूला गया, बल्कि वाहनों को जप्त कर यातायात थाना में रखवाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ एंबुलेंस चालक वाहन लेकर मौके से भाग खड़े हुए थे।***




यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने बताया कि सीएमएचओ द्वारा उन्हें एक पत्र लिखा गया था, जिसमें नियमविरुद्ध तरीके से संचालित हो रहे एंबुलेंस वाहनों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया गया था। सीएमएचओ के पत्र को संज्ञान में लेकर छत्रसाल चौराहे से चौबे तिराहा तक सड़क किनारे खड़े होने वाले निजी एंबुलेंस वाहनों की जांच की गई। एंबुलेंस चालकों से रजिस्ट्रेशन सहित अन्य दस्तावेज मांगे गए। ज्यादातर वाहनों के दस्तावेजों में कमी पाई गई। कई चालकों के पास लाइसेंस तक नहीं मिले, जिसके बाद चालानी कार्रवाई करते हुए वाहनों को जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर में कई ऐसी एंबुलेंस संचालित हो रही हैं जो नियम विरुद्ध हैं और आवश्यक दस्तावेज आदि नहीं हैं। जिन निजी वाहनों को एंबुलेंस में कन्वर्टेड किया जाता है उसका आरटीओ विभाग में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है, लेकिन जांच में ऐसे कई वाहन पाए गए जिनके पास एंबुलेंस की पात्रता नहीं है। इसके साथ ही कई एंबुलेंस वाहनों का टैक्स भी जमा नहीं है। उक्त वाहन सड़क पर नो पार्किंग जोन में खड़े हुए थे, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। कार्रवाई में कुल 8 एम्बुलेंस वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 4 हजार रूपये की वसूली की गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा।

## थाना जुझारनगर पुलिस ने ग्राम खुड़ेरी में बुजुर्ग महिला की हत्या का किया 24 घंटे के अंदर खुलासा

### मृतिका की बहू ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर की थी हत्या



**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। थाना जुझार नगर पुलिस को विगत दिवस शाम के समय ग्राम खुड़ेरी में एक महिला के मृत होने की सूचना प्राप्त हुई, सिर कुचला हुआ था। एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे, थाना जुझारनगर पुलिस, एफएसएल टीम फिंगरप्रिंट टीम, डॉग स्क्वाड शीघ्र ही मौके पर पहुंचे, घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए। एकत्रित साक्ष्य के अनुसार मृतिका द्वारा अपनी बहू को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा गया, जिस कारण उसकी बहू एवं उसके प्रेमी द्वारा मृतिका की ईंट मारकर हत्या कर दी गई।

***आरोपी का खुलासा कर दोनो आरोपी को भेजा गया जेल***

एकत्रित साक्ष्य, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों के कथन के आधार पर हत्या की इस घटना में सम्मिलित दोनों आरोपी सचिन सिंह उम्र 20 वर्ष नि. ग्राम खुडेरी, दूसरा आरोपी मृतका की बहू लक्ष्मी सिंह पत्नी अंकुर सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम खुडेरी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया। दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों द्वारा अपराध करना स्वीकार कर बताया कि मृतिका ने दोनों लोगों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया गया था, जिस कारण हत्या कर दी। उक्त कार्यवाही एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में जुझारनगर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह, थाना प्रभारी प्रकाश बम्होरी उप निरीक्षक सत्येंद्र यादव, उप निरीक्षक अनुज बौद्ध फिंगरप्रिंट शाखा, सउनि विनोद सिंह , प्रधान आरक्षक मलखान सिंह, आरक्षक रामवीर, शुभम सेन, विपिन , अनिल छारी , राममूर्ति, पवन लोधी, अजहर, महिला आरक्षक गीता सिंह एवं एफएसएल, डॉग स्क्वाड, फिंगरप्रिंट टीम की अहम भूमिका रही।

## अवैध शराब से भरी कार पकड़ी गयी, आरोपी भागने में सफल

ईशानगर। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नदगांय में पुलिस द्वारा अवैध शराब से भरी एक कार को पकड़ा गया है। हालांकि आरोपी मौके से भागने में सफल हो गए, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि बीती रात गश्त के दौरान पुलिस टीम को आमखेरा से नदगांय की ओर जा रही एक कार पर संदेह हुआ।



पुलिस ने कार का पीछा कर उसे रोका तो कार में सवाल युवक कार छोड़कर भाग गए। पुलिस ने कार की तलाशी तो उसमें 10 पेटी अवैध शराब भरी मिली। कार क्रमांक यूपी 95 एल 8608 को जप्त कर पुलिस ने 4 अज्ञात के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। फरार तस्करों की तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना, प्रधान आरक्षक राजेंद्र प्रजापति, जगवेंद्र सिंह परिहार, रतिराम प्रजापति, आरक्षक नरेंद्र, सतीश, भूपेंद्र, गुमान, मनीष, राघवेंद्र, आबिद खान की मुख्य भूमिका रही।

# पुलिस ने ग्राम भोयरा में हुई हत्या का किया खुलासा, तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

## जमीनी विवाद में सगे चचेरे भाइयों ने ही किया था जानलेवा हमला, ईलाज के दौरान हुई मौत

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। विगत 1 नवंबर की रात्रि पुलिस उपथाना घुवारा एवं थाना भगवां क्षेत्र के ग्राम भोंयरा में एक ही परिवार के चचेरे भाइयों में जमकर विवाद हो गया।जिसमें प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीन भाईयों ने मिलकर सामूहिक रूप अपने ही एक चचेरे भाई की जमकर मारपीट कर दी।




जिसकी अगले दिन सुबह तबियत ज्यादा खराब होने से वह तीनों भाई मिलकर उसे जिला अस्पताल टीकमगढ़ लेकर पहुंचे जहां पहुंचते ही डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया।शव का पीएम होने के बाद गांव लाया गया जहां पर घुवारा पुलिस ने परिजनों को निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन देते हुए शव का अंतिम संस्कार करवाया।और पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई।घटना के चौथे दिन पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

***क्या है पूरा मामला***

ग्राम भोंयरा में हुए जानलेवा हत्या काण्ड का घुवारा पुलिस पर्दाफाश कर दिया है।घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।उक्त आरोपियों द्वारा अपने चचेरे भाई रतिराम अहिरवार एवं उसकी मां के साथ मारपीट की गई थी, रतिराम अहिरवार पर लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई गई, आरोपियों को चचेरे भाई की मृत्यु की आशंका हुई तो नजदीक जिला टीकमगढ़ के अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक द्वारा मृत्यु की पुष्टि की गई। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण, मर्ग जांच, पीएम रिपोर्ट, मृतक की मां एवं साक्षियों के कथन के अनुसार थाना भगवा में तीनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या एवं मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी फरार हो गए थे, जिनकी तलाश पुलिस टीम द्वारा हर संभावित स्थानों में की जा रही थी।

पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना में सम्मिलित तीनों आरोपी 1. सुखराम अहिरवार 2. मनप्यारे अहिरवार 3. रज्जू अहिरवार निवासी ग्राम भौरया को विधिवत गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया, हत्या की घटना को स्वीकार किया। तीनों आरोपियों को न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यवाही में एसडीओपी बड़ा मलहरा श्री रोहित अलावा, थाना प्रभारी भगवा निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह,चौकी प्रभारी घुवारा उप निरीक्षक प्रमोद रोहित, स.उ.नि. रूपराम पटैरिया, प्र.आर. रामप्रकाश रजक,आर.वीरेन्द्र सिंह, आर.देव कुमार ,आर.महेंद्र साहू,आर.प्राण सिंह, आर.चालक विजय यादव, व अन्य चौकी स्टाफ की रही।

# पुलिस ने पकड़ा अवैध रेत से भरा ट्रक, खनिज विभाग ने की कार्यवाही

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। विगत रविवार रात्रि भगवां पुलिस द्वारा रात्रि गस्त के दौरान अवैध रूप से जा रहे रेत से भरे ट्रक को पकड़ कर कार्रवाई की गई है ।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोरखी के पास अवैध रूप से रेत माफिया रेत का कारोबार कर नदियों का सीना छलनी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।यह खेल रातों रात ट्रकों के माध्यम बगैर रॉल्टी के अवैध रूप से परिवहन कर शासन को लाखों रूपए के टैक्स की चोरी करके रेत का काम कर रहे इसी क्रम में भगवां टीआई धर्मेंद्र सिंह ने रात्रि गस्त के दौरान अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे एक ट्रक पकड़ लिया।जब ट्रक ड्राइवर से रेत संबंधी दस्तावेज मांगे तो चालक रेत संबंधी कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया तो टीआई ने ट्रक को थाने लाकर खड़ा करवा दिया।




***रेत माफिया करते रहे सेटिंग लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में बात पहुंचने से हुई कार्यवाही***

जहां एक तरफ रेत से भरा ट्रक थाने के बाहर खड़ा होना तो वहीं दूसरी तरफ अगले दिन दोपहर के बाद कार्रवाई होना लोगों के बीच चर्चा का विषय के मन को की खड़े करता है कि आखिर कार तुरंत कार्रवाई क्यों नहीं गई सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक तो यह भी बताया जा रहा कि यह ट्रक पुलिस इंट्री पर चलता था।लेकिन नवागत थाना प्रभारी को कुछ पता नहीं था जिसके द्वारा टक को पकड़ लिया गया लेकिन रेत माफिया टक को छुड़ाने के पुरजोर प्रयास करता लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में मामला पहुंचने पर रेत माफिया के पूरे हथकंडे फैल हो गये और अंत में खनिज विभाग को सूचना देने पड़ी जिससे मौके पर खनिज विभाग ने आकर संयुक्त कार्यवाही करते हुए पंचनामा तैयार किया और थाने में ट्रक को रखवा दिया।

# प्रसिद्ध प्राचीन अबार माता मंदिर परिसर में लगे हैं कचरे के ढेर

## -श्रद्धालु गंदगी और कचरे के बीज से गुजरने को मजबूर
## -जनपद सीईओ ने कहा जल्दी ही कराई जाएगी सफाई





**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा=जनपद पंचायत बड़ामलहरा क्षेत्र के प्राचीन मंदिर एवं श्रद्धालुओं के लिए श्रद्धा केंद्र माने जाने वाले अबार माता मंदिर परिसर का बुरा हाल देखने में सामने आ रहा है।यहां पर जमा कचरा और गंदगी की वजह से माता के दर्शनों के लिए पहुंच ने वाले श्रद्धालुओं को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।परन्तु स्वच्छता को लेकर जनपद के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।अब आलम यह है कि यहां पर जगह जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं मेला लगने के बाद से कचरे की साफ सफाई नहीं की गई है नालियां भी चौक पड़ीं हैं।इस ओर संबंधित ग्राम पंचायत सौंरई के सरपंच सचिव और रोजगार सहायक भी गम्भीर नहीं दिखाई दे रहे हैं।मेला समाप्त हुए करीब पांच माह बीत चुके हैं।उसके बाद भी कचरे और गंदगी को साफ नहीं किया गया है।जिसके चलते स्थानीय लोगों के साथ यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है।

***मंदिर परिसर की साफ सफाई को लेकर ग्राम पंचायत भी गम्भीर नहीं***

आपको बता दें अबार माता मंदिर परिसर की साफ सफाई को लेकर ग्राम पंचायत सौंरई के सरपंच से स्थानीय दर्जन भर लोगों ने मंदिर परिसर में जमा कचरे और गंदगी को लेकर साफ करवाले के लिए कहा गया था।जिसे अनसुना कर दिया गया।लगातार व्याप्त समस्या को लेकर अब लोगों ने बड़ामलहरा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेश कुमार मिश्रा को शिकायती आवेदन दिया है।जिसमें सीईओ ने संबंधित ग्राम पंचायत सौरई को नोटिस जारी किया है।संभवत: आज से ही सफाई का काम शुरू हो जाएगा।

***गंदगी व्याप्त होने से श्रद्धालुओं की संख्या में आई कमी***

इस संबंध में स्थानीय समाजसेवी अमन राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया है कि यहां पर जमा कचरे और गंदगी की वजह से यहां आने जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में गिरावट आई है। वहीं यहां पर विकास कार्य तो करोड़ों की लागत से किए गए परन्तु यहां पर पेयजल की भी व्यवस्था बहुत कमजोर है।साथ ही विद्युत के खंबे तो लगे हुए हैं मगर रात्रि के दौरान उजाला नहीं होता है। जिसकी वजह से रात्रि में दुकानदारों को भारी परेशानी उठाना पड़ती है सबसे बड़ी समस्या यहां शराबियों की है शाम ढलते ही आसपास के लोग इकट्ठे होकर शराब पीते हैं एवं नंगा नाच करते हैं जिसकी वजह से शाम ढलते ही दुकाने बंद हो जाती हैं श्रद्धालुओं का आना भी बंद हो जाता हैं।

***मंदिर एवं मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चौपट***

आपको बता दें कि समूचे क्षेत्र में विख्यात एवं सुप्रसिद्ध अबार माता मंदिर में एवं मंदिर परिसर में कहीं पर भी सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से चोरियां होना,शराबियों द्वारा उत्पात मचाना जैसे अन्य गलत कामों को बढ़ावा मिल रहा है।जो मंदिर परिसर तो दूर उसके आसपास भी नहीं होना चाहिए।वहीं अमन राजपूत ने बताया कि यहां से दो किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत रामटोरिया में पुलिस चौकी है मगर यहां की पुलिस जरा भी सहयोग नहीं करती है।

# कार्तिक महोत्सव के तहत रासलीला का हुआ शुभारंभ

छतरपुर। हरपालपुर के नारायण आश्रम छोटी कुटी में सोमवार को शाम श्री नारायण आश्रम लोक न्याय समिति हरपालपुर द्वारा आयोजित कार्तिक महोत्सव के तहत सात दिवसीय रासलीला का शुभारंभ हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि छतरपुर विधायक ललिता यादव शामिल हुईं। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ रासलीला का शुभारंभ हुआ। उपस्थित धर्मप्रेमियों ने रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की झांकियों के दर्शन कर आरती उतारी। उल्लेखनीय है कि ब्रजलोक कला भारतीय राष्ट्रीय प्रमाणित मंडल श्रीधाम मथुरा के रासाचार्य पं. हरिओमदास द्वारा रासलीला संपन्न कराई जा रही है। शुभारंभ अवसर पर पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह, महाराजपुर विधायक कामख्या प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

# पॉवर इंजीनियर्स एवं एम्पलाईज एसोसिएशन ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन


छतरपुर। भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध पॉवर इंजीनियर्स एवं एम्पलाईज एसोसिएशन द्वारा कलेक्टर कार्यालय छतरपुर में एसएलआर आदित्य सोनकिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



एसोसिएशन के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में टी.बी.सी. बी. के माध्यम से रीवा एवं अमरपाटन के प्रस्तावित 400 के.व्ही. उपकेंद्रों का निर्माण कार्य निजी कम्पनियों से कराये जाने की प्रक्रिया को निरस्त कर यह कार्य प्रदेश की म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से कराये जाने तथा ट्रांसमिशन कंपनी में नियमित अभियंताओं एवं कर्मचारियों की भर्ती की मांग को लेकर पॉवर इंजीनियर्स एवं एम्प्लाईज एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश महासचिव अजय कुमार मिश्रा द्वारा ज्ञापन में लेख किया गया है, कि विगत कुछ समय से प्रदेश के उपकेंद्रों का निर्माण कार्य टी.बी.सी.बी.के माध्यम से निजी कम्पनियों से कराया जा रहा है, जिसमें लागत भी अधिक आ रही है, साथ ही निजी कम्पनियों द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य भी नहीं किया जा रहा है, जिससे शासन को वित्तीय हानि के साथ-साथ प्रदेश के उपभोक्ताओं के ऊपर विद्युत देयक का वित्तीय भार भी बढ़ रहा है। ज्ञापन के दौरान भारतीय मजदूर संघ प्रदेश उपाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह चंदेल, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बुन्देला, विनोद सैनी अध्यक्ष पूर्व क्षेत्र कम्पनी, मनोज तिवारी सहायक अभियंता अतिउच्च दाब संधारण छतरपुर, चन्द्रभान पटेल लाईन परिचायक मौजूद रहे।

# नगर निगम आयुक्त ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली

## वसूली कार्य में लापरवाही करने पर एक करसंग्राहक को निलंबित और 33 की वेतन-वृद्धि रोकने शोकाज नोटिस देने के निर्देश



परिहार गर्जना न्यूज। सागर / नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने मंगलवार को नगर निगम के राजस्व विभाग की बैठक लेकर वसूली कार्य की समीक्षा बैठक ली जिसमें वसूली कार्य में लापरवाही बरतते पाए जाने पर उन्होंने एक कर संग्राहक आनंद केसरवानी को निलंबित करने एवं 33 कर संग्राहकों की कम वसूली पाए जाने पर वेतन-वृद्धि रोकने हेतु शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निगम के समस्त करसंग्राहक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तेजी से वसूली कार्य करें क्योंकि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति के नजदीक होने के कारण बकाया करों की वसूली पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक बकाया कर की वसूली सुनिश्चित की जाए ताकि निगम के राजस्व में बढ़ोत्तरी हो।

बैठक में उन्होंने कहा कि वसूली कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी इसलिए बकाया करों की वसूली का कार्य समय पर पूरा होना चाहिए ताकि निगम को वित्तीय परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने समस्त कर संग्राहकों को हिदायत देते हुए कहा कि जो कर्मचारी अपने कार्य में लापरवाही बरतेंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि कर संग्राहक नियमित रूप से अपने वार्डों में बकाया करदाताओं से संपर्क स्थापित करें तथा करदाताओं को वसूली प्रक्रिया के बारे में जागरुक करें। उन्होंने कहा कि जो भी करदाता समय पर करों का भुगतान नहीं कर रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी करने की कार्रवाई करें।

# रेल्वे स्टेशन सहित ट्रेनों में चोरों को नहीं है कोई खोप

## महिला से 6 लाख के आभूषण से भरा पर्स चोर ने छीना; जीआरपी पुलिस ने किया मामला दर्ज

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ रेल्वे स्टेशन सहित ट्रेनों में चोरों को नहीं है कोई खोप से महिला से 6 लाख के आभूषण से भरा पर्स चोर ने छीना; जीआरपी पुलिस ने किया मामला दर्ज। मालखेड़ी रेलवे जंक्शन से निकलने वाली दयोदय एक्सप्रेस से यात्रा कर रही एक महिला का पर्स अज्ञात चोर छीनकर भाग गया। जीआरपी ने अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है।




बीना रेलवे स्टेशन सहित यहां से निकलने वाली ट्रेनों में लगातार चोरियों की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। स्टेशन सहित ट्रेनों में सुरक्षा न होने से यात्री अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अब तक हुई चोरियों का पुलिस सुराग तक नहीं लगा सकी है। ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया है। जहां जीआरपी ने बीती रात मामला दर्ज किया है। फरियादी रविशंकर पिता जगदीश दुबे निवासी नीमच सोमवार रात अपनी पत्नी लक्ष्मी दुबे के साथ, दयोदय एक्सप्रेस के एस-5 कोच में कोटा से कटनी की यात्रा कर रहे थे। जिनकी पत्नी का पर्स अज्ञात बदमाश चलती ट्रेन में छीनकर भाग गया।

***करीब 6 लाख का सामान हुआ चोरी***

करीब 6 लाख का सामान हुआ है चोरी पर्स में एक सोने का हार, दो सोने की चूड़ियां, एक सोने की चैन, 11 सोने की अंगूठी, दो छोटे मंगलसूत्र, एक बड़ा मंगलसूत्र, सोने का पैंडल इसके अलावा अन्य सोने और चांदी का सामान सहित 45 हजार रुपए नकद चोरी चले गए। घटना में करीब 6 लाख रुपए का सामान चोरी चला गया। जीआरपी ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ धारा 304(2), 305(सी) के तहत मामला दर्ज किया है।

# नगर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करे पुलिस प्रशासन - लता सकवार

## ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नपाध्यक्ष ने की SDM से सार्थक चर्चा



परिहार गर्जना न्यूज। बीना-नगरीय क्षेत्र बीना से भारी वाहनों को दिन के समय शहर को अंदर से निकलते है जिस कारण आय दिन दुर्घटनाओं की संभावनाएँ बनी रहती है एवं ट्राफिक जाम लगा रहता है. चूकी नगरीय क्षेत्र बीना घनी बस्ती की श्रेणी में आता है ऐसी स्थिति में बड़े बड़े वाहनों के कारण शहर के तिराहो एवं चौराहों पर जाम लग जाता है, उक्त संबध में नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने अनुविभागीय अधिकारी से मुलाकात कर नगर से निकलने वाले भारी वाहनों का मार्ग पविर्तन हेतु पत्र दिया,आवेदन के माध्यम से नपाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में आपके माध्य से निर्देश दिये गये एवं एवं न्यूज पेपरों के माध्यम से मुद्दा उठाया गया एवं खबरे भी प्रकाशित की गई लेकिन आज दिनांक तक भारी वाहनों के अवाजाही पर प्रतिबंध नहीं किया गया। आवेदन के माध्यम से नपाध्यक्ष ने निम्न मांगे स्भ्ररूके समक्ष रखी। जिनमे मुख्य रूप से भारी वाहनों का प्रवेश नगर में न हो सके एवं बीना नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ रखा जा सके।

भारी वाहनों के मार्ग परिवर्तन किया जाये जिससे भारी वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके नगरीय क्षेत्र बीना से निकलने वाली बसे चौराहो तिराहो पर यह कही पर भी रूक जाती है जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है एवं दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। उक्त बसों को रूकने हेतु स्थान नियत किये जाने की कृपा करें। नगरीय क्षेत्र बीना के सार्वजनिक क्षेत्र जैसे तिराहे एवं चौराहों पर लगने वाले सब्जी की दुकानों को खुरई रोड़, झॉसी गेट, वायपास स्थित ओवर ब्रिज के नीचे शिष्ट किये जाने हेतु निर्देशित करें ताकि शहरी क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकें।

# निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली

**-सभी सफाई कर्मचारियों की जांच के लिए लगाया जाएगा हेल्थ चेकअप कैंप**

**-सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी निलंबन की कार्रवाई**

**-बैठक में अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस देने के निर्देश**

परिहार गर्जना न्यूज। सागर/नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत किए जा रहे सफाई कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत को निर्देश दिए कि सभी सफाई कर्मचारी मेहनत से कार्य कर रहे हैं इसलिए सबसे पहले सभी सफाई कर्मचारियों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप लगवाएं। उन्होंने कहा कि सड़कों की सफाई के लिए चार स्वीपिंग मशीन उपलब्ध होंगी ,उन स्वीपिंग मशीनों से मुख्य मार्गो की सफाई कराई जाए तथा यह ध्यान रखें की सड़कों पर धूल न रहे, उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन सफाई के लिए समय निश्चित किया जाए । जो कर्मचारी मुख्य मार्गो की सफाई कार्य में लगे हैं उन्हें अन्य स्थानों पर सफाई कार्य में लगाएं ।



निगमायुक्त ने कहा कि सफाई कार्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा, शहर पूरी तरह से साफ दिखाई दे, अगर सफाई कार्य में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध अब निलंबन की कार्रवाई की जावेगी । उन्होंने बैठक में अनुपस्थित कर्मचारियों को शोकाज नोटिस देने के निर्देश दिए । निगमायुक्त ने सभी जोन प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रत्येक दुकान के सामने डस्टबिन रखवाएं तथा उन्हें समझाइश दें कि वे अपनी दुकान के सामने स्वयं साफ-सफाई करें । स्वीपिंग मशीनों से सफाई के लिए डस्ट एरिया चिन्हित कर सफाई कराएं। निगमायुक्त ने शहर के सभी शौचालयों की सफाई कराने तथा उनकी जानकारी हेतु संकेतक बोर्ड लगाने तथा मुख्य मार्गों से सी एंड डी वेस्ट को उठवाने के निर्देश दिए ।

# रेखा चौधरी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव नवनियुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। सागर/ मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त प्रदेश महासचिव तथा जिला शहर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी अपनी नई जिम्मेदारी मिलने के बाद बुधवार 06 नवंबर को शाम 04 बजे कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा तीनबत्ती स्थित डॉ सर हरिसिंह गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेस परिवार से सौजन्य भेंट करेंगी।



जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी जी के निर्देशानुसार स्थाई मंत्री दीनदयाल तिवारी ने इस अवसर पर समस्त वरिष्ठ नेतागण, जिला, ब्लॉक, मंडलम व सेक्टर के समस्त पदाधिकारी, कांग्रेस पार्षद दल व पार्षद प्रत्याशीगण, सेवादल, युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एनएसयूआई सभी विभाग प्रकोष्ठ और समितियों के पदाधिकारी व समस्त कांग्रेसजन सादर आमंत्रित करते हुए उपस्थिति का आग्रह किया है।

# विश्वविद्यालय- पत्रकारिता विभाग के शोधार्थी दीपक को मिली यूजीसी की जूनियर रिसर्च फेलोशिप

परिहार गर्जना न्यूज। सागर. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के संचार एवं पत्रकारिता विभाग के शोधार्थी दीपक कुमार को महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है. विभाग के शोधार्थी दीपक ने जनसंचार एवं पत्रकारिता विषय में यूजीसी-जेआरएफ जून 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण की है जो सहायक प्रोफ़ेसर पद की पात्रता एवं पीएचडी शोध के दौरान पांच वर्ष तक फेलोशिप प्रदान करती है. शोधार्थी दीपक विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विवेक जायसवाल के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं. विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि पत्रकारिता विभाग को काफी उपलब्धियां मिल रही हैं. विभाग के प्रयासों से इसी वर्ष से नियमित स्नातक पाठ्यक्रम शुरू हुआ है जिसमें पहली ही काउंसिलिंग में सभी सीटों पर प्रवेश हो गये. भविष्य में आने वाले छात्र इस सफलता से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में यूजीसी नेट/जेआरएफ जैसी परीक्षाओं में सफल होंगे. विभागाध्यक्ष प्रो. कालीनाथ झा, डॉ अलीम अहमद खान, डॉ विवेक जायसवाल एवं विभाग के सभी शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं.




# बिना हेल्मेट और बिना नंबर वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई-

## 78 वाहनों के चालान कर बसूला 26 हजार से अधिक का समन शुल्क

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अवैध गतिविधियों को रोकने हेतु जिले के मुख्य मार्गों एवं सीमांत क्षेत्रों में स्थापित चेक पोस्टों पर बिना हेलमेट, अवैध हूटर, काली फिल्म, बिना नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों आदि की चैकिंग की जा रही है। वाहन चालकों को हेलमेट, सीटबेल्ट बांधने एवं सडक् सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु समझाया जा रहा है। बताया गया है कि आमजन को यातायात संबंधी गुड सेमरिटन योजना से अवगत कराया जा रहा है। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा टीकमगढ़ जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना एवं चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों को रोकने, दुर्घटनाओं से बचाव हेतु मुख्य मार्गों एवं सीमांत क्षेत्रों में सघन वाहन चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ एवं जतारा के मार्गदर्शन में समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियो द्वारा 04 नवम्बर 2024 को सघन वाहन चेकिंग कर 78 वाहनों पर बिना हेलमेट, अवैध हूटर, काली फिल्म, बिना नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर होने पर चालानी कार्यवाही कर 26700 रूपए का समन शुल्क बसूला गया एवं हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट बाँधने, नंबर प्लेट लगाने, मॉडिफ इड साइलेंसर का उपयोग न करने, काली फिल्म न करने व सडक् सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु समझाया गया, साथ ही सरकार द्वारा यातायात दुर्घटनाओं में दुर्घटना ग्रस्त चालक, व्यक्ति की मदद करने हेतु चलाई जा रही गुड़ सेमरिटन योजना से आमजन को जागरूक कराया जा रहा है, ताकि आमजन में दुर्घटनाग्रस्त की मदद करने के प्रति जागरूकता आए । टीकमगढ़ पुलिस की उपरोक्त कार्यवाही दैनिक रूप से लगातार जारी रहेगी।




# न्यायोत्सव : वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी गई दवाईयां

## भौतिकतावादी सामाजिक व्यवस्था में हुई संयुक्त परिवारों की अवधारणा क्षीण




परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 04 नवम्बर से 09 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस सप्ताह के दूसरे दिन आज वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर के दौरान ही वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया गया। बताया गया है कि इस सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाना है। उत्सव के आज दूसरे दिन न्यायोत्सव के अंतर्गत हितेन्द्र सिंह सिसौदिया, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ की मुख्य आतिथ्य में मातृ-पितृ छाया वृद्धाश्रम, टीकमगढ़ में वृद्धजन के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में हितेन्द्र सिंह सिसौदिया, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ उपस्थित वृद्धजन का साल, माला एवं श्रीफ ल से सम्मान करते हुए उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के बारे जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय परम्परा के मूल्य वयोवृद्ध व्यक्तियों के मानव अधिकारों पर जोर देते हैं। इनमें बुजुर्गों की देखभाल प्रमुख रूप से शामिल है। लेकिन आज की भौतिकतावादी सामाजिक व्यवस्था के चलते संयुक्त परिवार की अवधारणा क्षीण होती जा रही है। अनेक वयोवृद्ध व्यक्तियों की उनके परिवार द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है। उक्त कार्यक्रम में वरूण पुनासे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ ने नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना की विस्तृत जानकारी दी साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं मध्यस्थता, विधिक सहायता, विधिक सलाह, लोक अदालत आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उपस्थित वृद्धजनों का निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उपस्थित वृद्धजनों की बीपी, शुगर एवं अन्य बीमारियों की जांच की गयी, जांच उपरांत दवाओं का वितरण किया गया। बताया गया है कि इसके साथ ही श्रेया मानव कल्याण समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम, कुण्डेश्वर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वरूण पुनासे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ द्वारा उपस्थित वृद्धजन के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई एवं उपस्थित वृद्धजन का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बताया गया है कि कार्यक्रमों में जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेन्द्र सिंह भदौरिया, डॉ. शोभाराम रोशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. शांतनु दीक्षित, डॉ. वरूण खरे, डॉ. सोनल श्रीवास्तव, चिकित्सक प्रशिक्षण दल, श्रीमती श्रद्धा चौहान, अध्यक्ष, वृद्धाश्रम, अजय जैन, संचालक वृद्धाश्रम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के, मातृ-पितृ छाया एवं श्रेया मानव कल्याण समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम के कर्मचारी तथा वृद्धजन उपस्थित रहे।

## गुमशुदा व अपहृत 02 नावालिग बालकों को 24 घंटे के अंदर दस्तयाब कर परिजनों को किया गया सुपुर्द

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा गुम बालक. बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना खरगापुर पुलिस द्वारा कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करते हुये थाना खरगापुर के अपराध क्रमांक 295/24 धारा 137(2) बीएनएस में नावालिग गुमसुदा अपहृत विवेक और विकास (परिवर्तित नाम) को 3 नवम्बर 24 को रेल्वे स्टेशन खरगापुर से दस्तयाब किया गया, जिसके न्यायालय में कथन लेख कराने के उपरान्त नावालिग बालकों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त गुमशुदा बालकों की दस्तयाबी में थाना प्रभारी खरगापुर उनि मनोज द्विवेदी, प्रआर मुकेश कुशवाहा, सनिल शर्मा, आरक्षक सरमन, रामसिंह, योगेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विप्र समाज की बैठक में हुई महत्वपूर्ण चर्चा

## संस्कृति और संस्कारों की रक्षा के लिए आगे आए विप्र समाज-गंगेले



परिहार गर्जना न्यूज। लिधौरा। गत दिवस एक सामाजिक विप्र समाज का आयोजन किया गया एग्राम खरौ चंदेरा जिला टीकमगढ़ क्षेत्रीय एवं बाहर से आए तीन सैकड़ा के लगभग विप्र समाज की एक बैठक गांव के वरिष्ठ नागरिक कथा व्यास पंडित कालका प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में तथा बुंदेलखंड क्षेत्र के गौ भक्त समाजसेवी इंजीनियर राजेश गंगेले के मुख्य अतिथि में एक विशाल विप्र समाज का सम्मेलन गांव के दीवान बाबा स्थान पर आयोजित किया गया । बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय सनातन धर्म की रक्षा करना भारतीय संस्कृति संस्करण नैतिक शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए संकल्प लिया गया । इस कार्यक्रम में इंदौर भोपाल जबलपुर दमोह दतिया झांसी छतरपुर टीकमगढ़ ललितपुर आसपास के समाज सुधारक धर्म रक्षक समाजसेवी विद्वानों ने भाग लिया कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम की पूजन विधि विधान से पूजा की गई। तत्पश्चात महिलाओं बेटियों को सम्मान देने शक्ति के सम्मान में चंदेरा की रहने वाली बेटी कुमारी राधिका जो वीर रस की कविताएं पढ़ती है, उनका पद पूजन किया गया । अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम आयोजित करने वाले पंडित हेमंत तिवारी, पंडित अखिलेश तिवारी, प्रमोद तिवारी एवं कथा व्यास भगवत शरण गंगेले खरौ चंदेरा द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत भाषण लिधौरा के वरिष्ठ समाजसेवी राम जीवन रावत ने प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने संपूर्ण विप्र समाज की बैठक की अभियान पर प्रकाश डाला। विभिन्न जिलों से पधारे समाज के अनेक विद्वानों ने अपने-अपने विचार रखते हुए समाज को संगठित और संस्कारवान बनाने समाज में व्याप्त त्रुटियों को सुधार कर बच्चों को सनातन संस्कृति से जोडने, सनातन धर्म की रक्षा करने, हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सामाजिक समझौता के साथ मानवता की सेवा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दहेज एक सामाजिक करने के है नशा नाश की जड़ है जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर राजेश गंगेले का जन्म इसी ग्राम में हुआ क्योंकि उनकी माताजी श्रीमती किशोरी देवी खरौ चंदेरा की बेटी थी और उनके पिता शिक्षक विद्वान थे, इसीलिए उनका जन्म इसी गांव में हुआ और उन्होंने अपने गांव के जन्मभूमि के लिए 300 वर्ग फु ट का एक कमरा दीवान बाबा के पास भजन कीर्तन संकीर्तन श्री रामचरितमानस, अखंड पाठ तथा समाज की बैठक आयोजित करने के लिए बनाने की घोषणा की।

***संस्कृति की करें रक्षा-इंजी गंगेले***

इस अवसर पर इंजीनियर राजेश गंगेले ने कहा कि ब्राह्मणों को भगवान परशुराम को आराध्य के रूप में स्वीकार करना चाहिए। भगवान परशुराम की वंशावली पर ब्राह्मण विभिन्न प्रकार की चर्चा करते हैं, जबकि ब्राह्मण किसी न किसी ऋषि मुनि की संतान है और विप्र समाज को अपने आप पर गर्व है कि वह ऋ षि मुनि महापुरुषों की संतान हैं, इसलिए सब संगठित होकर के सनातन संस्कृति की रक्षा करें। गौ माता व ब्राह्मण को बेटियों का सम्मान करें महिलाओं का सम्मान करें । कार्यक्रम में श्रीमती अनीता तिवारी इंदौर ने भी उत्तम विचार रखें जिसका विप्र समाज ने समर्थन किया ।

***राधिका का किया सम्मान-***

विप्र समाज में बुंदेलखंड क्षेत्र में सामाजिक क्षेत्र में काम करने तथा बिना दहेज बेटे का विवाह करने के लिए समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड एवं कुमारी राधिका गंगेले चंदेरा को आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में सभी अतिथियों का पुष्प वाला अंग वस्त्र पहनाकर मस्तक पर तिलक लगाकर उसे माला पहनाई गई सम्मान किया गया प्रीतिभोज का आयोजन भी कियागया । इस आयोजन में इंजीनियर राजेश गंगेले छतरपुर, ब्रजेंद्र तिवारी झांसी, जीवन रावत लिधौरा, श्रीमती अनीता मिश्रा इंदौर, राम बिहारी तिवारी उज्जैन, रमाकांत त्रिपाठी भांडेर, कालका तिवारी खरों, अर्चना सोनकिया, केके बाजपेई पृथ्वीपुर, मथुरा प्रसाद चतुर्वेदी खरों, विजय पुरोहित सरपंच वीरऊ, वीरेंद्र चतुर्वेदी सरपंच मरगुआ, संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव, देवकीनंदन तिवारी खरों, बंटी तिवारी जतारा, शालिगराम चतुर्वेदी, आचार्य सुरेश कौशिक झांसी, हरनारायण गंगेले, भगवत नारायण गंगेले, मथुरा प्रसाद नायक, देवेंद्र पुरोहित महेवा, बृजेश मिश्रा शास्त्री, अखिलेश सोनकिया लिधौरा, भगवान दास पाठक, कालका प्रसाद तिवारी, मथुरा प्रसाद चतुर्वेदी, भागवत गंगेले, जयप्रकाश तिवारी, राम मूर्ति तिवारी, शिवदयाल तिवारी, कैलाश तिवारी, जमुना प्रसाद तिवारी, सुरेश तिवारी, देवकी नंदन तिवारी, सोनू चतुर्वेदी सहित अनेक लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

# अचानक गायब हुए शिवम का धमर सागर में नहीं मिला शव

## गोता लगाते रहे गोताखोर, गुमशुदगी की नहीं सुलझी गुत्थी



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना नगर में उस समय सनसनी फैल गई जब सुबह सुबह शहर के लोगो को जानकारी मिली कि किसी युवक ने धर्मसागर में कूंद कर आत्महत्या कर ली। फिर क्या था देखते ही देखते लोगो की भीड नगर के बीचों बीच बने धर्मसागर तालाब में जुटने लगी। जानकारी के अनुसार शिवम पिता कमल किशोर चित्रकार निवासी पंचम सिंह चैराहा पन्ना अचानक घर से गायब हो गया था तथा उसकी चप्पल धरमसागर तालाब के ऊपर सीढ़ियों पर रखी हुई मिली थी। जिसके संबंध में पिता द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी। तथा चप्प्ल के आधार पर तथा मोबाईल पर शिवम द्वारा मैसेज लिखा था कि पापा मे हमेशा के लिए जा रहा हॅू। उसी आधार पर धरम सागर में एसडीआरएफकी टीम तथा गोताखोरो द्वारा धरमसागर मे ढूढने का लगातार प्रयास किया लेकिन शांयकाल पांच बजे तक शव बरामद नहीं हुआ। जिससे अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि शिवम ने धरम सागर मे छलांग लगाई है या नहीं, ज्ञात हो कि वन विभाग मे पदस्थ कमलकिशोर चित्रकार का पुत्र शिवम दिल्ली मे स्नात की पढाई कर रहा था। पिता नें यह भी बताया कि वह ईसाई धर्म के संबंध मे बाते करता था तथा कि मुझे गॉड द्वारा छत से कूदंने के लिए कहा गया तथा वह कूंद भी गया इस प्रकार वह मानसिक रूप से भी कुछ अस्वस्थ था।

## 9 नवम्बर तक मनाया जाएगा विधिक सेवा सप्ताह

### जिला जेल में लगाया विधिक जागरूकता शिविर

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 9 नवम्बर को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक सेवा सप्ताह न्यायोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।



इस अवसर पर सोमवार को प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय की अध्यक्षता में तथा जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार के निर्देशन में जिला जेल पन्ना में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन तथा बंदी जमानत आदेश संबंधी आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। साथ ही महिलाओं की गिरफ्तारी से संबंधित प्रावधानों की भी विस्तार से जानकारी दी। बंदियों को जेल में अनुशासन बनाए रखने और स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिवक्ता की नियुक्ति एवं आवश्यकता के संबंध में आवेदन संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम चीफआनंद त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

## आदिवासी बहुल्य चांदमारी बस्ती में पंहुचनें के लिए नहीं है सड़क, लोग परेशान

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 27 चांदमारी बस्ती जो जिला मुख्यालय से लगीं हुई है उक्त बस्ती में अधिकांश, गरीब एवं आदिवासी समाज के लोग रहते है। पूर्व में वह बस्ती ग्राम पंचायत पुरषोत्तमपुर में थी तथा अब वह बस्ती नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 27 में समाहित हो गई है। लेकिन 70 वर्ष बीत जाने के बावजूद उक्त गरीब बस्ती में आज भी मूल भूत सुविधाए शासन द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है। सड़क, पानी, बिजल, शिक्षा, स्वास्थ सहित अनेक आवश्यक चीजे उपलब्ध नहीं है। उक्त बस्ती के लोग नरकीय जीवन जीने के लिए मजबूर है। जबकी जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर है, जो अब नगर पालिका पन्ना का वार्ड है। लेकिन नगर पालिका द्वारा भी दो वर्ष बीत जाने के बावजूद कोई भी सुविधाए उपलब्ध नहीं कराई गई है। उक्त बस्ती तक पंहुचनें के लिए सड़क मार्ग उपलब्ध न होने के कारण एम्बूलेंस तथा जननी वाहन भी नहीं पंहुच पाते जिससे बीमार होने पर लोग अस्पताल तक नहीं आ सकतें। विगत वर्ष बस्ती में गंदा पानी पीने से अनेक बच्चों की मौत हो चुकी थी। जबकी नगर पालिका द्वारा पचास करोड़ से अधिक की राशि लोगो को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए खर्च की जा चुकी है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। शहर के लोगो को गंदा पानी पीने के लिए मिल रहा है तथा नगर पालिका के अनेक वार्डो में पानी की विकराल समस्या बनीं हुई है।

**इनका कहना:**-संबंधित वार्ड के लिए जल्द ही सडक निर्माण कार्य कराया जायेगा, कुछ लोगो द्वारा संबंधित बस्ती के रास्ता में अतिक्रमण कर रखा है उसे हटाकर जल्द ही सड़क निर्माण कार्य होगा। **शशि कपूर गढ़पाले नगर पालिका सीएमओ पन्ना**

## अवैध रूप से गांजा की खेती कर विक्रय करने वाले आरोपी को चार वर्ष का कठोर कारावास

पन्ना/अवैध रूप से गांजा विक्रय करने वाले आरोपी को न्यायालय द्वारा चार वर्ष के कठोर कारावास से किया दण्डित संबंधित मामला सिमरिया थाना का है, जिसके संबंध में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी द्वारा बताया गया कि घटना का संक्षेप विवरण इस प्रकार है कि, दिनांक 25.09.2020 को थाना सिमरिया में महिला पी.एस.आई मनोरमा देवी मौर्य द्वारा इस आशय की देहाती नालसी लेख की गई कि दिनांक 25.09.2020 को थाना प्रभारी परिवीक्षाधीन अभिषेक गौतम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मनिया में रमेश बेडिया, मंगल सिंह, शैलेन्द्र सिंह राजपूत एवं विक्रम सिंह अपने अपने घरों के अन्दर आंगन में गांजा के हरे झाड़दार पेड अवैध रूप से लगाये है। मुखबिर की सूचना का पंचनामा तैयार कर रिपोर्ट दर्ज की गई। हमराही पुलिस बल के सम्पूर्ण विवेचना सामग्री इलेक्ट्रॉनिक कांटा के मुखबिर द्वारा बताये अनुसार शैलेन्द्र सिंह के घर के सामने पहुंची तथा उसके घर के सामने पहुंचकर आवाज देकर उसे बुलाया जो उपस्थित हुआ। घरके आंगन से 25 नग गांजे के छोटे-बडे हरे झाड़दार पेड लंबाई 3 फुट से 6 फुट तक के लगे पाये गये। उक्त मामले में 45 किलो 2 सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसकी कीमत दो लाख छब्बीस हजार रूपये आंकी गई। उक्त मामले में आरोपी शैलेन्द्र सिंह के खिलाफथाना सिमरिया में 8/20 एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया तथा मामला न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया। उक्त मामलें में आरोपी के खिलाफ चार वर्ष का कारावास तथा 35 हजार रूपये माननीय न्यायालय द्वारा जुर्माना किया गया। उक्त सजा माननीय न्यायाधीश इन्द्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायधीश की न्यायालय द्वारा की गई।

## जल निगम ने मनाया दीपोत्सव कार्यक्रम




**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/परियोजना क्रियान्वयन इकाई पन्ना के द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर पवई बांध ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत विकासखंड शाहनगर के ग्राम पंचायत खरमोरा के ग्राम खरमोरा में ग्राम वासियों के साथ दीपावली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सभी लोगों ने अपने-अपने घरों के सामने लगे नल कनेक्शन की पूजा करते हुये, तरह-तरह की रंगोली भी बनाई और पटाखे फुलझडियो के द्वारा खुशियां मनाई। इस अवसर पर जब ग्रामीण रामलाल पटेल से पूछा गया तो उन्होंने जल जीवन मिशन एवं जल निगम पन्ना को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब से जल जीवन मिशन का शुद्ध पानी हम लोगों को मिलने लगा है तो हम सभी गांव वाले बहुत खुश हो रहे है इसी खुशी पर खुशियां मना रहे हैं। जिसमें उपस्थित जल निगम से प्रबंधक जन सहभागिता श्रीमती निशा परिहार ने ग्रामीणों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कारण आपके घर-घर तक नल और नल में जल पहुंच पाया है इसका श्रेय प्रधानमंत्री की नल जल योजना को जाता है एक समय था जब पूरे गांव में एक ही नल हुआ करता था लेकिन जल जीवन मिशन के कारण हर घर नल उपलब्ध है। मैनेजर भागीरथ चढ़ार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की हमें जल की कीमत समझनी चाहिए जल अमूल्य है तथा जल का भंडार इस पृथ्वी में सीमित है हमें जल का उपयोग सीमित करना चाहिए तथा इसे बर्बाद होने से बचाना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन की टीम एलायंस ने किया एवं साथ मै कॉन्टैक्टर की टीम भी सम्मिलित रहीं।

## ब्रह्माकुमारीज़ ने जेल में कैदी भाइयों के साथ मनाया भाई दूज का त्यौहार



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पन्ना द्वारा पन्ना जेल में कैदी भाइयों के साथ भाई दूज एवं दीपावली का उत्सव मनाया गया। बहन जी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए एवं आत्मिक स्मृति का तिलक देकर कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है पर कदाचित यह भीतर के प्रकाश का प्रतीक है। बाहर के प्रकाश में, बाहरी जगत को तो हम प्रतिदिन ही देखते हैं। क्या 364 दिन इंतजार करने के बाद आने वाला यह महापर्व भी हमें बाहरी जगत का ही दर्शन कराएगा? क्या इसके आगोश में ऐसी कोई कीमती चीज़ नहीं है जो इसे अन्य दिनों से पृथकता प्रदान करे? है, इसके पास एक कल्याणकारी, अलौकिक संदेश है - 'अपने भीतर के दीप को जलाओ; घर-घर में हर एक का आत्म-दीप जलाओ; इस आत्म-ज्ञान की रोशनी में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार और आलस्य की अमावस्या को जला दो; शुद्ध स्नेह, शांति, संतोष, आत्मिक भाव और नम्रता की पूर्णिमा अर्थात पूर्णता के युग का आह्वान करो। मनुष्य घरों की सफाई करते हैं वास्तव में सर्वप्रथम सफाई की जाती है मन, वचन, कर्म की। हमें दृष्टि, वृत्ति की सफाई करनी है मन के अंदर से नकारात्मक व अशुद्ध विचार को समाप्त करना है। उन्होने कहा कि, दीपावली में व्यापारी अपने पुराने खाते को खत्म कर नया बहीखाता आरंभ करते हैं अर्थात आज तक हमारा लोगो के साथ जो भी मनमुटाव हुआ हो, कोई बुरा व्यवहार हो गया हो उन पुराने खातों को समाप्त करें, पुरानी बातों को समाप्त करें और आज से नए खाते का आरंभ करें अर्थात नवीनता अपने जीवन के अंदर लेकर आए इसलिए व्यापारी लोग जब नई बहीखाता आरंभ करते हैं तो उस पर शुभ-लाभ जरूर लिखते हैं शुभ-लाभ तो तभी होगा जब लाभ का उल्टा अर्थात भला करेंगे। जब हम सबका भला चाहते हैं सबके प्रति शुभ भावनाएं और शुभ कामनाएं मन में प्रवाहित करेंगे, तभी तो शुभ-लाभ की प्राप्ति होगी। इस उपलक्ष पर आर.पी. मिश्र, जेलर, जिला जेल पन्ना ने कार्यक्रम की सराहना की तथा सभी को बहन जी के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# पर्यटन में प्रशिक्षण के साथ रोजगार पर दे विशेष ध्यान-राज्य मंत्री श्री लोधी

## -पर्यटन परियोजनाओं का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण सुनिश्चित किया जाए
## -वीरांगना रानी अवंतीबाई संग्रहालय निर्माण पर करे कार्य
## -शारदा मंदिर मैहर में पर्यटन सुविधाओं का करे विकास
## -मंत्रालय में पर्यटन बोर्ड के कार्यों और योजनाओं की समीक्षा



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 05 नवम्बर। पर्यटन परियोजनाओं में प्रशिक्षण के साथ साथ युवाओं को रोजगार भी मिले। इसका विशेष ध्यान दिया जाए। रोजगार के विभिन्न विकल्पों और योजनाओं पर भी कार्य करें। यह बात पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने मंत्रालय में पर्यटन बोर्ड की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जनमानस और पर्यटकों से जुड़ी परियोजनाओं को धरातल पर वास्तविक रूप से लागू करें। वे स्वयं प्रदेश में दौरा कर पर्यटन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना में निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उज्जैन के बाद मैहर में पर्यटकों की बड़ी हुई संख्या को देखते हुए निर्देश दिए कि मां शारदा मंदिर को धार्मिक स्थल के रूप में प्रचारित करने और पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने पर विशेष ध्यान दे। साथ ही वीरांगना रानी अवंतीबाई के जीवन चरित्र, योगदान और घटनाओं पर आधारित संग्रहालय निर्माण की योजना पर कार्य करें। सभी कार्यों को व्यवस्थित रूप से करें। शिकायत का मौका न दे।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के नाम पर वायु सेवा का संचालन हो रहा है। इसलिए इसके संचालन का विशेष ध्यान दिया जाए। उड़ाने समय पर और नियमित संचालित हो। राज्य मंत्री श्री लोधी को प्रेजेंटेशन के माध्यम से पर्यटन बोर्ड के बजट और कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। राज्य मंत्री श्री लोधी ने महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना, संकल्प सुरक्षित पर्यटन, लैंड बैंक, निजी होटलों का निर्माण एवं संचालन, मार्ग सुविधा केंद्र, फिल्म पर्यटन नीति, प्रचार प्रसार आदि की समीक्षा की।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक श्री शिव शेखर शुक्ला, उप सचिव श्री सुनील दुबे सहित पर्यटन बोर्ड के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# हर 70 वर्ष से अधिक की उम्र के व्यक्ति को बीमार होने पर 5 लाख रूपये तक निःशुल्क उपचार की सुविधा -कलेक्टर श्री कोचर

## -जनसुनवाई में आयुष्मान कार्ड के लिए 104 व्यक्तियों ने पंजीयन कराये
## -70 से अधिक व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 05 नवम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु अतिरिक्त काउंटर लगाया गया।आज 104 पंजीयन हुए और इसमें से 70 से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। यह क्रम जनसुनवाई के अलावा ग्राम स्वास्थ्य शिविरों में भी लगातार जारी रहेगा।



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक चाहे वह गरीबी रेखा में हो, चाहे ना हो, हर 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी जा रही है, यानी अब हर 70 वर्ष से अधिक की उम्र के व्यक्ति को बीमार होने पर 5 लाख रूपये तक निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जाएगी।

उन्होंने बताया दमोह में अभी कुछ दिन पहले ही पहला आयुष्मान कार्ड 70 साल से ऊपर वाला जारी किया था, उसके बाद यह सोचा था कि क्यों ना हमारे यहाँ लगभग 80 हजार के आसपास पात्र वरिष्ठ नागरिक हैं, जिनको इसका लाभ मिलना है, उन सभी नागरिक को समय-सीमा में जल्द से जल्द लाभ दिया जा सके, इसके लिए यह पंजीयन शुरू किया कि अब हर जनसुनवाई में हम इन आवेदनों को लेंगे, आज इसका पहला दिन था।

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए 104 पंजीयन हो चुके है, और इसमें से 70 से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी कर दिए है। यह क्रम अभी लगातार चलता रहेगा। उन्होंने कहा यह भी प्लान किया जा रहा है की एक स्थाई काउंटर कलेक्टर कार्यालय में यहाँ पर प्रतिदिन के लिये बना दिया जाए, ताकि कोई भी वरिष्ठ नागरिक किसी भी दिन आये और आयुष्मान कार्ड बनवा पाएं।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा स्वास्थ्य विभाग से चर्चा कर रहा हूँ, यदि यह हो सकेगा तो इस व्यवस्था को 06 नवंबर से कमरा नंबर 17 में इसकी व्यवस्था की जायेगी, कोई भी व्यक्ति कभी कार्यालयीन समय में आ करके अपना आयुष्मान कार्ड बनाकर ले जा सकेंगे, यह हमारी योजना है।

जनसुनवाई में आए सुरेश चंद जैन ने कहा आज सुबह समाचार पत्र में पढ़ा, जिसमें लिखा था के 70 वर्ष के अधिक आयु वालों के आयुष्मान कार्ड बनना है। इसलिए यहां पर आया और मेरा आयुष्मान कार्ड बन चुका है। इसके लिये उन्होंनें प्रधानमंत्री जी और कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।


एक हितग्राही के.एल. राय ने कहा न्यूज पेपर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बन रहा है। कलेक्टर की विज्ञप्ति में बताया गया की जनसुनवाई में प्रात: 11 बजे से आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे जिसमें सिर्फ आधार कार्ड ही लाना है। मैं यहां आया और मेरा आयुष्मान कार्ड आसानी से बन गया। इसके लिये वह प्रधानमंत्री जी और कलेक्टर साहब को धन्यवाद दे रहे है।

आवेदक बृज मोहन सिंह राजपूत ने कहा शासन, प्रशासन और कलेक्टर साहब के द्वारा लोगों को सूचित किया गया है की 70 वर्ष के ऊपर के लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। हम लोग यहां आये, कलेक्टर सर के द्वारा आयुष्मान कार्ड हम लोगों को दिये गये। उन्होंने कहा शासन और प्रशासन का बहुत बहुत धन्यवाद करते है। आज हम शासन-प्रशासन के ऊपर बहुत ही खुश है, ऐसे कार्यक्रम होते रहें तो हम वृद्ध जनों का भला होगा। इसी प्रकार हितग्राही सुरेंद्र कुमार सिरोठिया ने कहा हमें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है कि हमारा आयुष्मान कार्ड बन गया है। भविष्य में बीमारियों से हमें निजात मिलेगी। उन्होंने कहा शुगर प्रॉब्लम, हार्ट प्रॉब्लम है अब हमारा भी इलाज हो जाएगा।

# कलेक्टर कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर पर यानी नीचे की मंज़िल पर कमरा नंबर 17 में कार्य दिवस के कार्यालयीन समय में रोजाना 70 प्लस वालों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे-कलेक्टर श्री कोचर

## 187 आवेदनों पर हुई जन सुनवाई

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 05 नवम्बर। कलेक्टर कार्यालय में आज जिले भर से आये नागरिकों ने अपनी समस्याएं जनसुनवाई में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के समक्ष रखी, इस दौरान 28 पुनरावृत्ति आवेदन और सामान्य जनसुवाई में 187 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।





कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज जनसुनवाई में 330 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें आज हमने पहली बार 70 साल से ऊपर के वरिष्ठ नागरिको के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान आज की जनसुनवाई से शुरू किया था, आज वरिष्ठ नागरिक के 111 आवेदन आए, जिसमे से 80 आयुष्मान कार्ड आज जारी कर दिये गये। उन्होंने कहा यह निर्णय लिया है की कलेक्टर कार्यालय में ग्राउंड फ्लोर पर यानी नीचे की मंज़िल पर कमरा नंबर 17 में कार्य दिवस के कार्यालयीन समय में रोजाना आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। सभी वरिष्ठ नागरिक की सहूलियत के लिए पूरे सप्ताह भर कार्य दिवसों में कार्यालयीन समय प्रात: 10 बजे से शाम 6 बजे के बीच में 70 साल से ऊपर के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

कलेक्टर श्री कोचर ने वरिष्ठ नागरिकों से आग्रह कहते हुये कहा सप्ताह में जब भी आना चाहे आए और इस सुबिधा का लाभ उठाये। आयुष्मान कार्ड अब पूरे हफ्ते कलेक्टर कार्यालय में ग्राउंड फ्लोर के कमरा नंबर 17 में बनेंगे, आप आ करके इस सुबिधा का जरूर लाभ उठाये।

जनसुनवाई के दौरान 20 आधार कार्ड, 111 आयुष्मान कार्ड के आवेदन आये जिसमें से 80 आयुष्मान कार्ड बना कर दिये गये, 09 पीएम किसान सम्मान निधि, 03 एस.बी.आई. एवं 190 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जाँच की गई।

इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह ठाकुर और लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिले की आबोहवा स्वच्छ रखने में नागरिकों का सबसे बड़ा योगदान-कलेक्टर श्री कोचर

## दमोह जिला प्रदेश में नंबर दो पर

दमोह - 05 नवम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा हमारे लिए बड़ी खुशी और गर्व का विषय है, की पॉल्यूर्शन कंट्रोल बोर्ड यानी प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ए.क्यू.आई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) की श्रेणी में हमारा जिला गुड श्रेणी में आया है, जो बहुत अच्छी श्रेणी मानी जाती है हमारा जिला प्रदेश में नंबर दो पर है, इसका मतलब है कि हमारे जिले की आबोहवा स्वच्छ है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा शहर और जिले की आबोहवा को स्वच्छ रखने में नागरिकों का सबसे अहम योगदान है। दमोह जिले के सभी नागरिक को इसके लिए बधाई देना चाहता हूँ की यह उनके प्रयासों के कारण, उनकी संवेदनशीलता, अपने जिले को लेकर उनकी चिंता के कारण ही यह हो पाया है। उन्होंने कहा अपने जिले की एयर क्वालिटी को सुधारने के लिए, प्रदूषण को कम से कम करने के लिए, जो संभव हो सकेगा और प्रयास किया जाएगा।

# श्री कृष्ण जन्म स्थान को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई



आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश शर्मा फलाहारी ने बताया कि आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष की तरफ से एडवोकेट सत्यवीर सिंह, एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने बहस की, और मुस्लिम पक्ष की तरफ से एडवोकेट तस्लीम अहमदी ने बहस की, मुस्लिम पक्ष की तरफ से कहा गया कि इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा सभी मुकदमों को पोषणीय मान लिया गया है, इन मुकदमों को पोषनीय नहीं करने चाहिए, मुस्लिम पक्ष की तरफ से कहा गया कि सभी मुक़दमों की सुनवाई मथुरा में होनी चाहिए, और मुस्लिम पक्ष की तरफ से आर्डर को रिकॉल करने की प्रार्थना की गई, मुस्लिम पक्ष चाहता है कि सभी मुकदमे अलग-अलग सुने जाएं, लेकिन हिंदू पक्ष की तरफ से एडवोकेट सतवीर सिंह ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा जो भी निर्णय दिए गए वह सबूत के आधार पर दिए गए हैं, और माननीय न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद में कहा कि हिंदू पक्ष अपना जवाब लिखित में दाखिल करें, श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा फलाहारी का कहना है कि मुस्लिम पक्ष के पास में कोई भी प्राचीन साक्ष्य नहीं है जिससे वह यह साबित कर सके यंहा मस्जिद पहले बनी थी, मुस्लिम पक्ष केवल और केवल इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसलों को चुनौती देने का काम करता है, मुस्लिम पक्ष को मान जाना चाहिए कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जो भी निर्णय दिए हैं,वह प्राचीन सबूत के आधार पर दिए हैं, यदि मुस्लिम पक्ष के पास में कोई प्राचीन साक्ष्य है तो जमा करें, उन्होंने कहा हमने मुस्लिम पक्ष शिकायत की थी बिजली विभाग में तो बिजली चोरी पकड़ी गई,मुस्लिम पक्ष पर 3 लाख का जुर्माना हुआ था, आज भी मुस्लिम पक्ष ईदगाह में बिजली जनरेटर के द्वारा जला रहा है. दिनेश शर्मा का कहना है कि हिंदू पक्ष के पास जितने भी प्राचीन साक्ष्य थे वह न्यायालय में जमा कर दिए और न्यायालय ने सबूतों के आधार पर ऐतिहासिक निर्णय दिया था, उनको न्यायालय पर विश्वास है. हिंदू पक्ष के दिनेश शर्मा का कहना है कि न्यायालय द्वारा जो भी फैसला दिया जाएगा वह सर्वमान्य होगा, उन्होंने कहा कि मुस्लिम पक्ष को भी न्यायालय पर भरोसा करना चाहिए. इस मौके पर न्यास के संरक्षक जगतगुरु ज्ञान सागर महाराज, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक,प्रशांत शर्मा, महानगर अध्यक्ष नरेश ठाकुर, महामंत्री गिरिराज वाल्मीकि, राहुल गौतम,कन्हैयालाल कौशिक आदि मौजूद रहे।

# शौर्यवीरा सामूहिक तलवारबाज़ी प्रदर्शन का मुख्य समारोह 9 नवंबर को

### -9 नवंबर सुबह 10.30 पर इंदौर के नेहरू स्टेडियम में पांच हज़ार महिलाओं और बालिकाओं का सामूहिक तलवारबाज़ी प्रदर्शन किया जाएगा
### -इस अवसर पर बनाया जाएगा वर्ल्ड रिकॉर्ड
### -मुख्य अतिथि होंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव
### -विशेष अतिथि आदरणीय कैलाश विजयवर्गीय एवं फिल्म एक्ट्रेस जयाप्रदा




जयसिंह रघुवंशी

परिहार गर्जना न्यूज। इंदौर, 9 नवंबर- महिलाओं और बालिकाओं को आत्मसम्मान और सशक्तिकरण की प्रेरणा देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाला शौर्यवीरा सामूहिक तलवारबाज़ी प्रदर्शन इंदौर के नेहरू स्टेडियम में 9 नवंबर, शनिवार को सुबह 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा। अनमोल मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में हज़ारों महिलाओं और बालिकाओं का साहस और निपुणता देखते ही बनेगी।

***मुस्कान भारतीय के प्रेरक विचारों का मूर्त रूप***

महिलाओं को आत्मनिर्भर और साहसी बनाने के उद्देश्य से मुस्कान भारतीय के इस विचार ने नई दिशा दी है। अनमोल मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी ने इंदौर के विभिन्न सौ स्थानों पर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया, जहां पिछले एक माह से महिलाओं और बालिकाओं को प्रशिक्षकों ने तलवारबाज़ी के विभिन्न आयामों का अभ्यास करवाया।

***मुख्य और विशेष अतिथि***

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव रहेंगे। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में आदरणीय कैलाश विजयवर्गीय तथा बॉलीवुड सेलेब्रिटी एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा की गरिमामयी उपस्थिति इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी। इसके अतिरिक्त, इंदौर शहर के सभी विधायक और गणमान्य नागरिक भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

***विशेष सहयोग और समर्थन***

शहर की विभिन्न संस्थाओं, स्कूलों और व्यायामशालाओं का विशेष सहयोग इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अभूतपूर्व पहल के लिए पूरे शहर से सकारात्मक समर्थन मिला है।

***कार्यक्रम का आयोजन***

शौर्यवीरा कार्यक्रम का आयोजन अनमोल मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक मुस्कान भारतीय और राकेश यादव के द्वारा किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना है।

## श्रीहित उत्सव चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा धूमधाम से किया गया गया श्रीयमुना महारानी का चुनरी मनोरथ



परिहार गर्जना न्यूज। वृन्दावन।केशीघाट क्षेत्र स्थित रसरानी महाआरती घाट पर श्रीहित उत्सव चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा कार्तिक मास के उपलक्ष्य में श्रीयमुना महारानी का दिव्य व भव्य चुनरी मनोरथ श्रीप्रियावल्लभ कुंज के सेवायत आचार्य विष्णु मोहन नागार्च एवं प्रख्यात भागवताचार्य श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।जिसके अंतर्गत कवर्धा दुर्ग, रायपुर, विलासपुर, अकोला, मुंबई आदि नगरों से पधारे समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य श्रीयमुना महारानी का पूजन करके दीप दान किया गया।साथ ही लाल चुनरी से श्रीयमुना महारानी का मनोरथ किया।तत्पश्चात् धूनी आरती व महाआरती आदि के कार्यक्रम किए गए।साथ ही प्रख्यात भजन गायकों द्वारा यमुना महारानी की महिमा से ओतप्रोत भजनों का गायन किया गया।इससे पूर्व गाजे-बाजे के मध्य भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जो कि वंशी अली की कुंज शाहजहांपुर मंदिर, प्रताप बाजार, अनाज मंडी, श्रीप्रियावल्लभ कुंज का दक्षिण द्वार, बनखंडी महादेव, लोई बाजार, निधिवन, राधारमण मंदिर, गोपीनाथ बाजार होते यमुना तट-केशीघाट पर संपन्न हुई।

श्रीप्रियावल्लभ कुंज के सेवायत आचार्य विष्णु मोहन नागार्च ने कहा कि यमुना महारानी समस्त ब्रजवासियों की परमाराध्य हैं।उनकी महिमा वेदों व पुराणों में भी कहीं गई है।गर्ग संहिता के अनुसार श्री यमुना महारानी गोलोक से ही आयी हैं और गोलोक ही पहुंचती हैं। इन्होंने सदियों और सभ्यताओं के उत्थान-पतन देखे, लेकिन इनका प्रवाह कभी बाधित नहीं हुआ।यमुना महारानी ने अपने पिता सूर्यदेव और भ्राता शनिदेव को भी ब्रज में ही बसाया है।जिनके दर्शनों के लिए यहां देश-विदेश के श्रृद्धालु ब्रज में आते हैं।

श्रीहित उत्सव चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापकाध्यक्ष व प्रख्यात भागवताचार्य श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च ने कहा कि यमुना महारानी सप्त नदियों में से एक हैं।ये अत्यंत चमत्कारी व पुण्यदाई हैं। इनकी पूजा व आराधना करने से व्यक्ति को मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।प्राचीन काल के वेदव्यास, सौभर ऋषि, गर्गाचार्य,पाराशर, अत्रि, दुर्वासा आदि की विद्या का विकास भी यमुना महारानी की धारा के संस्पर्श से ही हुआ है। इस अवसर पर मुख्य यजमान निर्मल कुमार, मोहित कुमार, रोहित कुमार, विनीत कुमार माहेश्वरी, कवर्धा (छत्तीसगढ़), वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, आचार्य रसिक वल्लभ नागार्च, तरुण मिश्रा, भरत शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, हितवल्लभ नागार्च आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# खजुराहो में आयोजित होने वाले पत्रकार सम्मेलन की तैयारियां शुरू



तुलसीदास सोनी

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। 15 नवंबर को खजुराहो में होने वाले बुंदेलखंड स्तरीय पत्रकार सम्मेलन की जानकारी देने हेतु खजुराहो पत्रकार संघ ने आज छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल, छतरपुर एसपी अगम जैन सहित राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया जी से मुलाक़ात की पत्रकार संघ के अध्यक्ष गौरव मिश्रा, राजीव शुक्ला, सुनील पांडे और उन्हें कार्यक्रम का उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



दरअसल खजुराहो में सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर आधारित संगोष्ठी के तहत बुंदेलखंड स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, यह आयोजन 15 नवंबर को टूरिस्ट विलेज खजुराहो में किया जाएगा, जिसमें प्रदेश और देश के प्रतिष्ठित प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार साथी शामिल होकर अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

# कलेक्टर ने दिव्यांगों की समस्याओं को अलग से सुना

**-जिला स्तरीय जनसुनवाई में 47 आवेदनों पर हुई सुनवाई**

**-कलेक्टर ने अधिकारियों को आवेदनों पर गंभीरता और प्राथमिकता से कार्यवाही के दिए निर्देश**





छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित एसडीएम एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे एवं व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त 47 आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतें और प्राथमिकता से निराकरण करें। कलेक्टर ने दिव्यांगों की समस्याओं को अलग से सुना। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।

# पैक्स कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन तीन दिन का दिया अल्टीमेटम

छतरपुर। पैक्स एवं लैम्पस समितियों के सेवायुक्तों की मासिक वेतन में अतिरिक्त वृद्धि को लेकर मंगलवार को सहकारिता समिति पैक्स कर्मचारी महासंघ भोपाल की जिला इकाई ने कलेक्टर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष, महाप्रबंधक एवं डीआर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। सहकारी कर्मचारी घंटों तक डीआर कार्यालय के सामने अपनी मांगों को लेकर डटे रहे, डीआर की अनुपस्थिति में प्रशासक द्वारा ज्ञापन लिया गया। मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे सहकारी कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन लेते हुए आश्वासन दिया गया कि आपकी मांग का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।



पैक्स कर्मचारी महासंघ के अरविंद सिंह ने कहा कि रजिस्ट्रार द्वारा पैक्स कर्मचारियों की वेतन बढ़ाई है लेकिन उसका जिले में पालन नहीं किया जा रहा है। पूर्व में भी कर्मचारियों द्वारा आवेदन दिया गया था। उन्होंने बताया कि डीआर द्वारा जो आदेश किया गया है वह हमारे पक्ष में नहीं है उसमें कई ऐसी शर्तें लगा दी गई हैं जिसके अनुसार उन्हें बढ़ी हुई वेतन मिल पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जबलपुर और टीकमगढ़ जिले में पैक्स कर्मचारियों को बढ़ी हुई वेतन दी जा रही है उसी प्रकार जिले के कर्मचारियों को बढ़ी हुई वेतन का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगें पूरी नहीं होती तो हम चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि तीन दिवस में अगर मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो समस्त कर्मचारी उपपंजीयक कार्यालय के सामने 12 नवंबर से अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि जिले के पैक्स कर्मचारियों को उक्त विषय के पत्र अनुसार अतिरिक्त वेतन भुगतान दिलाए जाने हेतु पैक्स समितियों में पदस्थ समिति प्रशासकों को आदेश जारी करने के लिए आदेशित करें। इस अवसर पर अरविंद सिंह , रामचरण पटेल, आशाराम यादवा, जोधा सिंह, करन सिंह, वीरु चतुर्वेदी, गौरीशंकर अरजरिया, पन्नालाल लोधी, लखनलाल विश्वकर्मा, शंकर दयाल पांडे सहित जिले भर से आए सहायक समिति प्रबंधक, सेल्समेन, कम्पयूटर आपरेटर, चपरासी, चौकीदार मौजूद रहे।

# परियोजना अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

लवकुशनगर। नसीर छीपा परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास लवकुशनगर द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र कटहरा, कटिया और धरमपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कटहरा आंगनवाड़ी केंद्र की सहायिका अनुपस्थित मिलीं, जिसके लिए नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। वहीं आंगनवाड़ी केंद्र कटिया में नवीन भवन निर्माण हेतु जगह का चिन्हांकन किया गया। इसके साथ ही अधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के वजन का सत्यापन भी कराया। धरमपुर के आंगनवाड़ी केंद्र पर एक बच्चा समान कैटागिरी में पाया गया, जिसके लिए उसे एनआरसी में भर्ती कराए जाने की समझाइश माता-पिता को दी गई। अधिकारी ने सभी गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर समय पर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराने और केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं।



# मोटे के महावीर मंदिर में बह रही है ज्ञान की गंगा, विद्वानों के हो रहे हैं प्रवचन

छतरपुर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के मोटे के महावीर मंदिर परिसर में श्री रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बीती शाम संत मनोज रामायणी मानस पवन ने मानस की महिमा का बखान किया। इसके अलावा महावीर दास जी ब्रह्मचारी (पारीक्षा धाम) द्वारा रामजन्म तक की लीला का वर्णन किया गया। आयोजन के प्रथम दिवस समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉक्टर जगन्नाथ मिश्रा सपरिवार, दिनेश रावत, धीरेन्द्र नायम, लाल कड़क्का रामलीला समिति के नरेन्द्र चतुर्वेदी, शैलेन्द्र सिंह और मन्नू लाल बेलदार द्वारा आरती की गई। उल्लेखनीय है कि 4 नवंबर से प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक संतों के प्रवचन आयोजन स्थल पर हो रहे हैं, जिसमें महावीर दास जी ब्रह्मचारी (पारीक्षा धाम), सुश्री शिवानी दीदी, राजकुमार उदैनिया, राघवेन्द्र शरणदास रामायणी एवं पंडित देवनाथ पाठक के प्रवचन धर्मप्रेमियों को सुना रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ विनोद रावत एवं श्री मोटे के महावीर मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम का आनंद भक्तप्रेमी 10 नवंबर तक ले सकेंगे। 11 नवंबर को सुबह 10 बजे से हवन-पूजन और दोपहर 12 बजे से भंडारा होगा। डॉ रावत ने उक्त धार्मिक कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्यलाभ कमाने का आग्रह किया है।

# पारिवारिक बुराई के चलते युवती सहित 4 लोगों के साथ मारपीट

छतरपुर। भगवां थाना अंतर्गत आने वाली घुवारा चौकी क्षेत्र के भोंयरा गांव में पारिवारिक बुराई के चलते एक युवती सहित 4 लोगों के साथ मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। थाने में रिपोर्ट करने के बाद घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। भोंयरा निवासी जगदीश दुबे ने बताया कि पैत्रिक मकान के बंटवारे को लेकर उसके परिवार के ही कुछ लोगों से उसकी बुराई चल रही है। इसी बुराई के चलते गत शनिवार को अनुज, जमुना और संजय द्वारा लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से उसकी बेटी लक्ष्मी, रामगोपाल, जगदीश और शिवप्रसाद के साथ मारपीट की गई। जगदीश ने बताया कि घटना दिनांक को ही उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी लेकिन अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।



# डेयरी पर ताजा दूध मांगने पर हुआ विवाद, युवक के साथ मारपीट

छतरपुर। ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया में एक युवक ने जब डेयरी संचालक से ताजा दूध मांगा तो डेयरी संचालक भड़क उठा और अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को बुरी तरह पीट दिया। मारपीट में युवक के सिर में चोट आई है और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



ग्राम सलैया निवासी विजय गौंड़ ने बताया कि वह एक बीमारी से ग्रसित है, जिसकी दवा के लिए उसे ताजा दूध चाहिए था। दूध लेने के लिए वह गांव में स्थित दूध डेयरी पर पहुंचा, जहां उसने डेयरी संचालक राकेश यादव से ताजा दूध मांगा। इसी बात से राकेश नाराज हो गया और विजय के साथ गाली-गलौज करने लगा। तभी राकेश के साथी अजय, दीपेंद्र और भूपेंद्र यादव भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने एकराय होकर विजय को बंधक बनाया और इसके बाद शराब दुकान पर ले जाकर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। मारपीट में विजय के सिर में गंभीर चोट आई है। थाने में शिकायत करने के बाद घायल इलाज हेतु जिला अस्पताल आया है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321